(1) Nan
(2) Tender
(3) Tende
(4) Perio
(5) Last
(6) Tim
(7) Val
(8) De

18

# बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0

## दिनांक–04.05.2025 को सम्पन्न उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

कार्य प्रमण्डल दरभंगा, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के अधीन **नगर निगम, दरभंगा क्षेत्रान्तर्गत गंगासागर, हराही एवं दीग्धी झीलों को आपस में जोड़ने हेतु चैनल के निर्माण के साथ–साथ 02 लघु पुल, 02 कलमर्ट एवं सौन्दर्यीकरण कार्य** के निविदा की तकनीकी बीड जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति से अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति :–**

(i) प्रबंध निदेशक, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।

(ii) उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–2, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।

(iii) उप मुख्य अभियंता, कार्य अंचल–1, बि॰रा॰पु॰नि॰नि॰लि॰, पटना।

2. वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमण्डल दरभंगा, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के पत्रांक–359 (अनु0) दिनांक–03.05.2025 के माध्यम से तकनीकी बीड की तुलनात्मक विवरणी (पृ0–12–14/प0) अनुशंसा के साथ अंचलीय कार्यालय को समर्पित किया गया है। समर्पित तुलनात्मक विवरणी के आधार पर अंकित विवरणी निम्नवत् हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | :– नगर निगम, दरभंगा क्षेत्रान्तर्गत गंगासागर, हराही एवं दीग्धी झीलों को आपस में जोड़ने हेतु चैनल के निर्माण के साथ–साथ 02 लघु पुल, 02 कलभर्ट एवं सौन्दर्यीकरण कार्य। |
| 2.2 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | :–वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमण्डल, दरभंगा। |
| 2.3 | निविदा संख्या एवं तिथि | :–352 दिनांक–17.03.2025 (पृ0–04–09/प0) |
| 2.4 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | :–पुनर्निविदा नहीं है। |
| 2.5 | निविदा के अनुमानित लागत | :– रू0 1652.61 लाख़ (पृ0–09/प0) |
| 2.6 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | :–रू0–2649.616लाख मात्र (नगर विकास एवं आवास विभाग का पत्रांक–347 दिनांक–22.02.2025, (पृ0–01–03/प0) |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | :– 18 (अठारह) माह (पृ0–09/प0) |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | :– ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | :– 02.05.2025 (पृ0–09/प0) |
| 2.10 | प्राप्त निविदाकारों की संख्या | :– 02 (दो) अदद यथाः–<br>(1) Braj Kishor Roy, Samastipur<br>(2) Vishwanath Sharma, Samastipur |
| 2.11 | तकनीकी बीड की जाँच | :–तकनीकी मूल्यांकन समिति स्तर से जाँच की गई तुलनात्मक विवरणी संलग्न (पृ0–15–16/प0)। |
| 2.12 | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय | :–विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित निविदा में कुल 02 (दो) निविदाकारों ने भाग लिया। तकनीकी बीड मूल्यांकन में सभी 02 (दो) निविदाकारों द्वारा निविदा में माँगी गई सभी अर्हता को पूर्ण करने के फलस्वरूप Responsive घोषित किया गया है। तदालोक में विषयांकित योजना के तकनीकी बीड पर अनुमोदन प्राप्त करने हेतु अनुशंसा की गई है। |

04/05/25

## उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय

विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित निविदा में कंडिका 2.10 में उल्लेखित 02 (दो) निविदाकारों ने भाग लिया। तकनीकी बीड मूल्यांकन में सभी 02 (दो) निविदाकारों द्वारा निविदा की सभी आर्हत्ता को पूर्ण करने के फलस्वरूप Responsive घोषित यथा :—

(1) Braj Kishor Roy, Samastipur
(2) Vishwanath Sharma, Samastipur

निदेशक पर्षद की 248 / 15 दिनांक—06.07.2022 बैठक की कार्रवाई में दिये गये निदेश के अनुपालन में उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उपरोक्त कार्य के तकनीकी बीड को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को निगम Website पर 3 (तीन) दिनों तक रखा जाय एवं यदि दिनांक 08.05.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो उच्चस्तरीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पुनः समीक्षा हेतु बैठक आहूत की जाएगी। यदि किसी भी निविदाकारों के अनुभव प्रमाण पत्र / कागजात में विसंगति या गलत पाया जाता है, तो उनके निविदा को अमान्य करते हुये उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक विधि सम्मत कारवाई की जायेगी।

विषयगत कार्य का निविदा की अनुमानित लागत रू0—1652.61 लाख है, जो रू0—1500.00 लाख से अधिक है, इसलिए विषयांकित योजना का वित्तीय बीड का अनुमोदन निदेशक पर्षद के समक्ष अनुमोदन हेतु उपस्थापित किया जायेगा।

04/05/25
उप मुख्य अभियंता,
कार्य अंचल—2
बि०रा०पु०नि०नि०लि०, पटना।
04/05/25

4.5.25
उप मुख्य अभियंता,
कार्य अंचल—1
बि०रा०पु०नि०नि०लि०, पटना।

4.5.25
प्रबंध निदेशक,
बि०रा०पु०नि०नि०लि०,
पटना।
04/05/25